

# गुरुद्वारा में सजाया दीवान और कीर्तन दरबार

## राजधानी में गुरु नानक देवजी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारों में हुए शबद कीर्तन

**भोपाल, 5 नवंबर. राजधानी भोपाल में गुरु नानक देवजी का 556 वां प्रकाश पर्व बुधवार को धूमधाम से मनाया गया. हमीदिया रोड, पिपलानी और अरेरा कॉलोनी स्थित गुरुद्वारों पर विद्युत सजावट की गई. तीनों गुरुद्वारों में प्रकाश पर्व की शुरुआत अखंड पाठ साहिब से हुई. बुधवार को यहां सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक दीवान और कीर्तन दरबार सजाया गया.**

इस दौरान रागी जत्थे ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया. बताया जाता है कि शहर के तीनों प्रमुख गुरुद्वारों में 50 क्विंटल खाद्य सामग्री से लंगर तैयार किया गया. हमीदिया रोड स्थित गुरुद्वारा में 15 हजार श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था की गई थी. स्वच्छता के मद्देनजर इसे जीरो वेस्ट बनाने के लिए लगभग 7500 स्टील की थालियां, कटोरियां और चम्मच की व्यवस्था की गई थी, जिसमें श्रद्धालुओं को लंगर परोसा गया.

**10 हजार श्रद्धालुओं ने किया लंगर :** गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व के अवसर पर अरेरा कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा में चंडीगढ़ से आईं बीबी हरजिंदर कौर ने सिख समाज को संबोधित करते हुए गुरु नानक देव जी के आदर्शों और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया. गुरुद्वारे के सेवक भर्जिंदर सिंह ने बताया कि इस अवसर पर करीब 10 हजार श्रद्धालुओं ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया.

गुरुद्वारा समिति द्वारा ज़रूरतमंद विद्यार्थियों की स्कूल और कोचिंग फीस भरने की जिम्मेदारी ली गई, ब्लड डोनेशन कैंप, नेत्र परीक्षण शिविर और पैथोलॉजी जांच शिविर का आयोजन गुरु नानक मेडिकल सेंटर की ओर से किया गया. साथ ही स्टाफ का मेडिकल इंश्योरेंस एवं उनके बच्चों की शिक्षा का खर्च भी समिति द्वारा वहन किया जा रहा है.

### अब सरकार मनाएगी गुरु तेग बहादुर जी का जयंती वर्ष : सीएम



**भोपाल, 5 नवंबर.** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरु नानक देव जी सामाजिक एकता, सद्भावना और सेवा भाव की मिसाल थे. उन्होंने मानवता की सेवा और सबके प्रति समानता का भाव रखने का जो संदेश दिया है, वह आज भी सर्व समाज के लिए प्रकाशपुंज है. उन्होंने कहा कि गुरु नानक जी का जीवन सत्य, करुणा और परोपकार का प्रतीक है. उनका जीवन संदेश समय की सीमाओं से भी परे है और मानवता की सेवा के लिए हमेशा प्रेरणा-स्रोत रहेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाजजनों की मांग पर घोषणा करते हुए कहा कि म.प्र. सरकार गुरु तेग बहादुर जी का 350वां जयंती वर्ष और शहीदी दिवस समाज की मंशा अनुसार धूमधाम से मनाएगी. मध्यप्रदेश सरकार सत्य के मार्ग पर चलने वाले गुरु तेग बहादुर जी के सम्मान लिए हर जरूरी प्रयास करेगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व के अवसर पर सभी को बधाई दी. मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा परिसर में आयोजित विशेष दीवान सभा में सिक्ख श्रद्धालुओं के साथ शबद कीर्तन में शामिल हुए और श्री सतनाम वाहेगुरु जी का आशीर्वाद प्राप्त किया.

इस अवसर पर विधायक भगवान दास सबनानी, रविन्द्र यति, राहुल कोठारी, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष बलजिन्दर सिंह, पी.एस. बिन्द्रा, ग्रंथी, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में सिक्ख समाज के सेवादार एवं श्रद्धालु उपस्थित थे. शबद कीर्तन में संगतकारों ने प्रदेश की उन्नति और समाज में भाईचारे की भावना के विस्तार की प्रार्थना की. इससे पहले सिक्ख श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का गुरुद्वारे में आत्मीय स्वागत-अभिनंदन किया और उन्हें सरोपा भेंटकर सम्मानित किया.

# कार्तिक पूर्णिमा पर घाटों पर दीपदान

## दीपदान से रोशन हुए तालाबों के घाट, महिलाओं ने की पूजा-अर्चना

जूनियर रिपोर्टर

**भोपाल, 5 नवंबर. कार्तिक पूर्णिमा, जिसे देव दिवाली के रूप में भी मनाया जाता है के पावन अवसर पर शाम को अनगिनत दीपों की रोशनी से नदियों, तालाबों के घाट जगमगा उठे. श्रद्धालु सुबह से ही पवित्र नदियों, तालाबों और घाटों पर पहुंचकर स्नान और पूजन में लीन रहे. भोपाल के बड़े तालाब सहित विभिन्न सरोवरों पर श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में दीपदान किया.**

शहर के बड़े तालाब स्थित शीतल दास की बगिया के घाट पर महिलाओं ने विशेष रूप से दीपदान किया. इस अवसर पर उन्होंने देवी-देवताओं से अपने परिवार और समाज की मंगलकामना की. महिला प्रेमा देवी ने बताया कि वे इस अवसर पर होशंगाबाद स्थित मां नर्मदा घाट पर स्नान करने गईं थीं. उन्होंने वहां पवित्र नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाई और दीपदान कर मां नर्मदा से आशीर्वाद मांगा. रातभर शहर के मंदिरों में भजन-कीर्तन और आरती का कार्यक्रम चलता रहा. भक्तों की भीड़ और दीपों की रोशनी से पूरा शहर एक बार फिर भक्ति और आस्था के रंग में रंगा नजर आया.

## एक नजर में



### लड्डू गोपाल जी का 50 किलो पुष्पों से सहस्त्र अर्चन

**भोपाल, 5 नवंबर.** दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर भोपाल में बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा देव दिवाली पर्व एवं गर्भग्रह परिक्रमा में स्थापित संत गुरुनानक देव जी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया. शाम 4 बजे से भगवान लड्डू गोपाल जी, विष्णु जी का अभिषेक एवं फूलों द्वारा सहस्त्र अर्चन महिलाओं द्वारा किया गया. दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 50 किलो फूल जिसमें गुलाब के पुष्प, गेंदे के पुष्प, तुलसी सभी भक्तों के लिए व्यवस्था की गई. इसके पश्चात दीपदान कर आरती की गई. इस शुभ अवसर पर मंदिर के पट प्रात: 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक भगवान के दर्शन के लिए खुले रहे.

### जलतरंग कार्यशाला, कला प्रदर्शनी का उद्घाटन आज

**भोपाल, 5 नवंबर.** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के सहयोग से कलाधारा संस्था द्वारा चार दिवसीय जलतरंग वाटर कलर वर्कशॉप एवं कला प्रदर्शनी का गुरुवार को उद्घाटन होने जा रहा है. इसका मुख्य उद्देश्य कलाकारों को प्रकृति से सीधे जुड़ने का अवसर देना है. कार्यशाला संग्रहालय के आवृत्ति भवन में सुबह 10 बजे से शुरू होगा. इसमें मुख्य अतिथि आलोक भावसार एचओडी हमीदिया कॉलेज भोपाल और विशेष अतिथि वीणा जैन आर्टिस्ट रहेंगी. कार्यशाला में दो दिन छह व सात नवंबर को पुणे के कलाकार कुडलैया हिरेमठ और भोपाल के अनुभवी कलाकार प्रतिभागियों को मार्गदर्शन देंगे. विशेष रूप से उन्हें रंग संयोजन सिखाया जाएगा. कलाधारा संस्था की सह संस्थापक नीलिमा श्रीवास्तव और योगेश यादव ने बताया कि आठ नवंबर शनिवार को जल तरंग प्रदर्शनी का उद्घाटन होगा. यह संग्रहालय के शैल कला भवन में दोपहर 12 शुरू होगी. इसमें मुख्य अतिथि ऋद्धि कुणाल चौहान होंगी. इस प्रदर्शनी में कार्यशाला के दौरान बनाई गई कलाकारों और विद्यार्थियों की चित्रकला को भी प्रदर्शित किया जाएगा. इस आयोजन के अंतिम दिन नौ नवंबर रविवार को शैल कला भवन में शाम 4:30 बजे से जल तरंग सम्मान समारोह का आयोजन होगा. इसमें मुख्य अतिथि शेखर करहाड़कर डिप्टी डायरेक्टर उस्ताद अलाउद्दीन खान संगीत एवं कला अकादमी रहेंगे. विशेष अतिथि के रूप में नृत्य मंजरी कला पीठ की संचालिका नीरजा सक्सेना उपस्थित रहेंगी.

### एलएनसीटी के विद्यार्थियों ने देखा पार्लियामेंट हाउस

**भोपाल, 5 नवंबर.** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने दिल्ली के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया. उन्होंने संसद भवन का अवलोकन भी किया. यह विजिट प्रो. मुकेश कुमार साहू (डीन एंड डायरेक्टर, एलएनसीटी युनिवर्सिटी) के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में किया गया. छात्रों ने डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर एवं मेमोरियल में डॉ. अम्बेडकर के जीवन एवं संविधान निर्माण तक के पहलुओं को बारीकी जाना. इस दौरान आकाश पाटिल (डायरेक्टर, डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, सामाजिक एवं न्याय मंत्रालय गवर्नमेंट ऑफ इंडिया नई दिल्ली) ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन एवं उनके संविधान निर्माण में योगदान पर छात्रों को जानकारी प्रदान की.

# इतिहास के अनमोल संदर्भ सप्रे संग्रहालय को भेंट

## छायाकार जगदीश कौशल ने विजयदत्त श्रीधर को भेंट किए सौ साल से अधिक पुराने ग्रंथ

**भोपाल, 5 नवंबर. मध्यप्रदेश जनसंपर्क के अपर संचालक रहे सुप्रसिद्ध छायाकार जगदीश कौशल ने अपनी संचित संदर्भ संपदा सप्रे संग्रहालय के लिए संस्थापक विजयदत्त श्रीधर को भेंट की. इस सामग्री में इतिहास के दुर्लभ ग्रंथ हैं, जो सवा सौ साल से अधिक पुराने प्रकाशन हैं. इन ग्रंथों के समावेश से सप्रे संग्रहालय का इतिहास प्रभाग और अधिक समृद्ध हुआ है.**



कौशल द्वारा भेंट किए गए ग्रंथों में लखनऊ गजेटियर-1904, सागर गजेटियर-1906, छतरपुर गजेटियर-1907, सेन्ट्रल प्राविन्सेज-1908, हमीरपुर गजेटियर-1909, बांदा गजेटियर-1909, देहरादून गजेटियर-1911 शामिल हैं. ये सभी ग्रंथ अंग्रेजी भाषा में हैं और अंग्रेज विद्वानों द्वारा लिखे गए हैं. फ्यूडेटरी स्टेट्स ऑफ सेन्ट्रल एण्ड सदर्न इण्डिया-1898, ट्राइब्स एण्ड कॉस्ट सेन्ट्रल प्राविन्सेज ऑफ इण्डिया, ए गाइड टू सांची जॉन मार्शल 1917, सांची एण्ड इट्स रिमेन्स- कनिंघम, बैगा-1939, इण्डियन स्कल्पचर 1908, इण्डियन आर्ट इन यूरोप, ए ग्रामर ऑफ द छत्तीसगढ़ी डायलेक्ट ऑफ हिन्दी-1931, रिलीजियस एण्ड सोशल रिफार्म- महादेव गोविंद रानडे, मिलसा टोप्स-कनिंघम, क्वाइन कलेक्टिंग इन नार्दन इण्डिया, ऑरकेलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया, द क्वाइन्स ऑफ हैदरअली एण्ड टीपू सुल्तान-1921.

हिस्टॉरिकल जाग्रफी ऑफ एनसीएण्ट इण्डिया, औरकेलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया बुंदेलखण्ड, मालवा एण्ड सेन्ट्रल पॉविन्सेज, ऑरकेलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया-कनिंघम, द इण्डियन एंपायर, हिन्दू हॉलीडेज एण्ड सेरेमोनियल, रेम्बल्स एण्ड रिकलेक्शन्स ऑफ इण्डियन ऑफीशियल मेजर जनरल स्लीमन आदि हैं.




# एथलीट समीर ने आयरमैन मलेशिया में जीते दो खिताब

**भोपाल, 5 नवंबर. भोपाल के एक युवा एथलीट समीर ने दुनिया की पाँच सबसे कठिन आयरनमैन दौड़ों में से एक, आयरनमैन मलेशिया प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक पूरा किया. इस असाधारण उपलब्धि के साथ, उन्होंने न केवल दो प्रतिष्ठित खिताब जीते, बल्कि मध्य प्रदेश के सबसे कम उम्र के आयरनमैन भी बन गए.**

उष्णकटिबंधीय द्वीप लंगकावी में आयोजित आयरनमैन मलेशिया अपनी अत्यधिक गर्मी, आर्द्रता और चुनौतीपूर्ण भूभाग के लिए प्रसिद्ध है. प्रतिभागियों को एक ही दिन में 3.8 किमी तैराकी, 180 किमी साइकिलिंग और 42.2 किमी मैराथन दौड़ पूरी करनी होती है. 13 प्रमुख खड़ी चढ़ाई वाले बाइक कोर्स ने प्रत्येक प्रतियोगी की सहनशक्ति की परीक्षा ली, जबकि तेज़ हवाओं ने पहले से ही कठिन परिस्थितियों को और भी कठिन बना दिया. इन चुनौतियों के बावजूद, समीर ने असाधारण दृढ़ संकल्प, सहनशक्ति और मानसिक दृढ़ता का परिचय दिया - इस आयोजन को एक प्रेरणादायक प्रदर्शन के साथ पूरा किया जिससे उन्हें दो खिताब और अनुभवी अंतरराष्ट्रीय एथलीटों के बीच पहचान मिली.

# राजगढ़ ने अरेरा अकादमी को हराया

## ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता

**भोपाल, 5 नवंबर. किंशुक श्रीवास की शानदार बल्लेबाज़ी एवं सचिन यादव, मनोज यादव और योगेश यादव की शानदार गेंदबाजी की मदद से राजगढ़ जिला क्रिकेट संघ ने अरेरा क्रिकेट अकादमी को 36 रनों से हराकर पांचवीं ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय ग्रीन पैराडाइज कप क्रिकेट प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश कर लिया है.**



तीनों गेंदबाजों ने क्रमश: तीन-तीन विकेट लेकर अरेरा को बैक फुट पर पहुंचाया. ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेली जा रही अखिल भारतीय ग्रीन पैराडाइस क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को अरेरा क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर राजगढ़ ज़िला क्रिकेट संघ को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया. राजगढ़ ने किनसुक श्रीनिवास के 62 एवं देवेंद्र यादव के 58 रनों की मदद से 35.5 ओवर में 10 विकेट होकर 165 रन बनाएं. अरेरा की ओर से गेंदबाजी करते हुए रोशन नायक में तीन, अर्जुन शुक्ला ने दो, प्रिंस, शुभम व आयुष ने क्रमश: एक-एक विकेट लिया. राजगढ़ के 165 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी अरेरा अकादमी 31 ओवर में 129 रन बनाकर आल आउट हो गई. उसकी ओर से पीयूष सिंह ने 55, आयुष ने 43 रनों की पारी खेली. राजगढ़ की ओर से सचिन यादव, मनोज यादव, योगेश यादव ने क्रमश: तीन-तीन विकेट लेकर अरेरा को हार के लिए मजबूर किया. राजा को भी एक विकेट मिला.

### कल मनाया जाएगा आचार्य पदारोहण दिवस

**भोपाल, 5 नवंबर.** आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महामुनिराज का 54वां आचार्य पदारोहण दिवस शुक्रवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा. इस अवसर पर मुनि प्रमाणसागर महाराज के सानिध्य में विद्याप्रमाण गुरुकुलम्, अवधपुरी में तीन दिवसीय कार्यक्रमों की शुरुआत होगी. पहले दिन गुरुकुलम् के विभिन्न प्रकल्पों का शिलान्यास संपन्न होगा. 8 नवम्बर शनिवार को गुणायतन का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित होगा, जिसमें देश-विदेश से श्रद्धालु भाग लेंगे. वहीं 9 नवम्बर, रविवार को चातुर्मास समापन एवं पिच्छीका परिवर्तन समारोह का आयोजन होगा. कार्तिक पूर्णिमा पर 55 मिनट की वृहद शांतिधारा संपन्न हुई, जिसमें भोपाल और इंदौर के श्रद्धालु शामिल हुए.

### अयोध्या नगर में शिवपुराण कथा आज से

**भोपाल, 5 नवंबर.** श्री बालाजी भक्त परिवार के तत्वावधान में गुरुवार 6 नवंबर से सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन कलशयात्रा के साथ प्रारंभ होगा. आयोजक सुनील एवं प्रशांत गुप्ता ने बताया राम जानकी हनुमान मंदिर अयोध्या नगर से सुबह 10 बजे कलश यात्रा प्रारंभ होगी, सिर पर कलश रखे महिलाएं एवं कथावाचक पंडित रमाकांत व्यास वृंदावन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे. कथा स्थल पर लगभग 4हजार श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की गई है. कथा के प्रथम दिवस द्वादश ज्योतिर्लिंग की झांकी एवं भगवान शंकर का अभिषेक व पूजन विशेष रूप से होगा. कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5:30 बजे तक होगी.

कार्यक्रम | लेखक साहित्यकारों का दीपावली मिलन कार्यक्रम

# लेखन से पहले लेखक चिंतन-मनन करें : शर्मा

**भोपाल, 5 नवम्बर. समाज में साहित्य लोकमानस तक पहुंचना चाहिए. लेखन से पूर्व साहित्यकारों को चिंतन, मनन और अध्ययन करना चाहिए. राष्ट्र और समाज के सामयिक बिंदुओं पर विचार करते हुए हमें साहित्य सृजन की आवश्यकता है.**



अर्चना प्रकाशन न्यास भोपाल द्वारा आयोजित लेखक साहित्यकारों के दीपावली मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मध्य भारत प्रांत के प्रचार प्रमुख कैलाश शर्मा ने यह बात कही. उन्होंने कहा कि भारत का परिवार विश्व के लिए आदर्श है, परन्तु कई समस्याओं के कारण आज संयुक्त परिवार एकल परिवार में बिखर रहे हैं. परिवारों को बचाने के लिए संस्कारों पर ध्यान देना आवश्यक है. बाज़ारवाद और भ्रमित करने वाली सूचनाओं से हमें सावधान रहना चाहिए. पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी, आत्मानिर्भरता तथा कुटुंब प्रबोधन पर भी उन्होंने मार्गदर्शन दिया. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मध्य भारत प्रांत के संघचालक पूर्व न्यायविद अशोक पाण्डेय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की. आरंभ में न्यास अध्यक्ष लाजपत आहूजा सहित अतिथियों ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया. स्वागत वक्तव्य निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने दिया. प्रबंध न्यासी राकेश जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया. श्रीराम माहेश्वरी, सत्या सिंह राठौर, सविता सिंह भदौरिया तथा विक्रमादित्य सिंह ने प्रचार, तकनीकी, संपादकीय तथा महिला टोलियों की गतिविधियों और कार्यों पर प्रकाश डाला.

कार्यक्रम में हेमंत मुक्तिबोध, डॉ उमेश सिंह, महेश सक्सेना, डॉ गोपेश वाजपेयी, डॉ भंवरलाल श्रीवास, साधना जैन, राजेन्द्र गुप्ता, कुमकुम गुप्ता, शिरोमणि दुबे, जगदीश चंद्रा, ओपी खुराना, पुरुषोत्तम तिवारी, गोकुल शर्मा, मोहन तिवारी, डॉ राजेश तिवारी, मनोरमा पंत, वन्दना मिश्रा, साधना बलवटे, अरविन्द मिश्रा, ओमप्रकाश सुनरया, सोमकांत उमालकर, कमलकिशोर दुबे, डॉ अनिता तिवारी, रमेश शर्मा, कैलाश तिवारी, अरविन्द मिश्रा, मनीष श्रीवास्तव बादल, निवेदिता शर्मा, साधना शुक्ला, मुकेश अवस्थी आदि उपस्थित थे.

### आज 25 इलाकों में बिजली कटौती

**भोपाल, 5 नवंबर.** मध्य क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी गुरुवार को मेंटनेंस के लिए शहर के 25 इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रखेगी. गुरुवार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक डेयरी स्टेट, बरखेड़ी खुर्द, शारदा विहार, केरवा गेस्ट हाउस. सुबह 10 से शाम 4 बजे तक रिदम पार्क कॉलोनी, दीपड़ी तिराहा, वेस्टर्न कोर्टयार्ड कॉलोनी, दानिशकुंज-1 और 2, फाइन कैम्पस, हरे कृष्ण होम्स. सुबह 10 से शाम 4 बजे तक अरविंद विहार, लहारपुर, बाग मुगालिया एक्सटेंशन, द्वारिका परिसर. दोपहर 12 से 3 बजे तक अरविंद विहार, रामेश्वरम, बागसेवनिया, पुरानी बस्ती, हाउसिंग बोर्ड क्वार्टर, महेष्मती, गायत्री विहार, ऋषिकेश विहार सहित अन्य इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी.

# ओरिएंटल को हराकर सिस्टेक गांधीनगर विजेता

**आरजीपीवी नोडल वॉलीबॉल महिला, पुरुष प्रतियोगिता का समापन**



**भोपाल, 5 नवंबर.** एलएनसीटी कैंपस रायसेन रोड भोपाल में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के तत्वावधान में लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ़ टेक्नोलॉजी साइंस भोपाल द्वारा आयोजित आरजीपीवी नोडल वॉलीबॉल महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता 2025-26 पुरुष वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में एलएनसीटी को सिस्टेक गांधीनगर ने 2-1 से, दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में जेएनसीटी को ओरियंटल ने 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया. फाइनल मुकाबले में सिस्टेक गांधीनगर ने ओरियंटल को 2-0 से हराकर फाइनल खिताब हासिल किया. पुरुष वर्ग के प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पंकज जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी, लेफ्टिनेंट अनुराग चौकसे जेएनसीटी, निलेश मिश्रा सिस्टेक गांधीनगर, अबरार खान ओरियंटल, मुकेश त्रिपाठी, सूरज नारायण यादव एवं अन्य खेल अधिकारियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया.

पुरुष वर्ग में बेस्ट लिफ्टर का अवार्ड राहुल सिस्टेक गांधीनगर, बेस्ट अटैकर किशन सिंह राजपूत सिस्टेक गांधीनगर, बेस्ट लिब्रो अविनाश झा एलएनसीटी को दिया गया. इस प्रतियोगिता के माध्यम से चयनित खिलाड़ी एलएनसीटी भोपाल में आयोजित होने वाले आरजीपीवी राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भोपाल नोडल का प्रतिनिधित्व करेगी. कार्यक्रम का संचालन खेल अधिकारी महेश सोधिया ने किया.